# आकाशवाणी गोरखपुर
# प्रादेशिक समाचार

दिनांक–20 अक्टूबर 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज वाराणसी से देशवासियों को देंगे करीब इकसठ अरब की परियोजनाओं का सौगात।
- प्रधानमंत्री ने कल कर्मयोगी सप्ताह का किया शुभारंभ, कहा–वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने में इससे होने वाले सुधारों से मिलेगी सहायता।
- प्रदेश की नौ विधानसभा सीटों के उपचुनाव की नामांकन प्रक्रिया जारी, तेरह नवम्बर को होगा है मतदान।
- देश के विभिन्न हिस्सों में आज मनाया जा रहा है करवा चौथ।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी आएंगे वह वाराणसी में देश की करीब इकसठ अरब रूपये की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री इस दौरान एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

***प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के दौरे के दौरान आर.जे. शंकर आई हॉस्पिटल और सिगरा स्टेडियम समेत 380 करोड़ से ज्यादा की लागत की 14 परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। वह करीब 2874 करोड़ रुपये की कई अन्य परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल, धर्म, पर्यटन, रोजगार, आवास और विमानन जैसी कई सुविधाएं जनता को समर्पित करेंगे। वह वाराणसी हवाईअड्डे के विस्तार और नये टर्मिनल भवन की आधारशिला भी रखेंगे। दोपहर बाद वह सिगरा स्पोर्ट्स स्टेडियम में 20 हजार से ज्यादा लोगों की सभा को भी संबोधित करने वाले हैं। सुशील चन्द्र तिवारी आकाशवाणी समाचार वाराणसी।***

प्रधानमंत्री की सुरक्षा के समुचित प्रबंध किए गए हैं। वाराणसी के पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री के प्रत्येक मार्ग पर ड्रोन से निगरानी की व्यवस्था की गई है।

***कई लेयर की सुरक्षा व्यवस्था यहां पर की गई है। एसपीजी के जवान तैनात रहेंगे, पुलिस का घेरा रहेगा जिसमें पचास आईपीएस अफसर यहां पर लगाए जा रहे हैं। करीब आठ से नौ हजार के आस–पास पुलिसकर्मी इसमें तैनात रहेंगे। एटीएस के कमांडो तैनात रहेंगे। ड्रोन कैमरा और सीसीटीवी के माध्यम से हम लोग चप्पे–चप्पे की निगरानी करेंगे। डायवर्जन भी इस प्रकार से ट्रेफिक के किए गए हैं कि आम नगारिक को किसी भी तरह की असुविधा न हो।***

**********

प्रधानमंत्री वाराणसी से ही वर्चुअल माध्यम से कई अन्य परियोजनाओं का भी लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इनमें आगरा हवाई अड्डे पर 570 करोड़ रुपये से अधिक के नये सिविल एन्क्लेव का शिलान्यास, दरभंगा हवाई अड्डे पर लगभग 910 करोड़ रुपये और बागडोगरा हवाई अड्डे पर करीब एक हजार 550 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास शामिल है। श्री मोदी 220 करोड़ रुपये से अधिक से बनाए गए रीवा हवाई अड्डे, मां महामाया हवाई अड्डे, अंबिकापुर और सरसावा हवाई अड्डे के नए भवन टर्मिनलों का उद्घाटन भी करेंगे।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल नई दिल्ली के डॉक्टर अम्बेडकर अंतर्राष्ट्रीय केन्द्र से कर्मयोगी सप्ताह– राष्ट्रीय शिक्षण सप्ताह का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि मिशन कर्मयोगी के जरिए ऐसे मानव संसाधन सृजित करना है जो हमारे देश के विकास की प्रेरक शक्ति बन सकें। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षण सप्ताह के दौरान नए शिक्षण और अनुभवों से प्राप्त शक्ति से कार्य प्रणाली मे सुधार आएगा और वर्ष 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य प्राप्त करने में सहायता मिलेगी।

***प्रधानमंत्री ने पिछले 10 वर्षो में सरकार की मानसिकता में बदलाव लाने के लिए उपायों की भी चर्चा की, जिनका प्रभाव लोग आज महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार में काम कर रहे लोगों के प्रयासों और मिशन कर्मयोगी जैसे कदमों से यह संभव हो पाया है। श्री मोदी ने सुझाव दिया कि लोक सेवकों को नवीनतम प्रौद्योगिकी की जानकारी रखनी चाहिए ताकि नए मानदंड हासिल किए जा सकें। उन्होंने कहा कि मिशन कर्मयोगी इस दिशा में सहायक साबित हो रहा है। प्रधानमंत्री ने आईजीओटी प्लेटफार्म की भी सराहना की और कहा कि 40 लाख से अधिक सरकारी कर्मचारी इस प्लेटफार्म पर पंजीकृत हैं। समाचार कक्ष से मुकेश कुमार।***

कर्मयोगी –राष्ट्रीय शिक्षण सप्ताह के दौरान, प्रत्येक कर्मयोगी कम से कम 4 घंटे की शिक्षा का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध होगा। प्रधानमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से भी मिशन कर्मयोगी की महत्ता के बारे में देशवासियों को जानकारी दी है।

**********

उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग की प्राविधिक शिक्षा अध्यापन सेवा परीक्षा दो हजार इक्कीस में धांधली की आशंका को लेकर लोकसेवा आयोग के उप सचिव ने दो लोगों के विरूद्ध केस दर्ज कराया है। यह मामला भदोही के इंण्डियन इंस्टीटयूट ऑफ कॉरपेट टेक्नोलॉजी के निदेशक की सूचना पर दर्ज हुआ है। परीक्षा को प्रभावित करने से संबंधित वाइस क्लिप मिलने पर आईआईसीटी के निदेशक ने मामले की शिकायत आयोग से की थी। इसके साथ ही आज से प्रस्तावित इस परीक्षा को आयोग ने स्थगित कर दिया है।

**********

प्रदेश की नौ विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए नामाकंन प्रक्रिया जारी है। मिर्जापुर के 397 मंझवा विधानसभा उप निर्वाचन के लिये कल 10 लोगों ने नामांकन पत्र खरीदा। मझवां सीट के लिए कल तक कुल 22 नामांकन पत्र खरीदे गये हैं। बहुजन समाज पार्टी ने कल प्रदेश की करहल विधानसभा सीट के लिए अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया। बसपा ने इस सीट से अवनीश कुमार शाक्य को उम्मीदवार बनाया है। इस सीट पर समाजवादी पार्टी तेजप्रताप यादव को पहले ही अपना प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। इसके साथ ही सपा ने अब तक कुल छह सीटों के लिए अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है। वहीं भाजपा ने अभी तक उपचुनाव के लिए प्रत्याशियों के नामों की घोषणा नहीं की है। इन सीटों पर 13 नवम्बर को मतदान होगा। उपचुनाव को लेकर कल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ स्थित मुख्यमंत्री आवास पर एक अहम बैठक की।

***मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बैठक में टीम–30 को उपचुनाव में सभी 9 सीटें जीतने का टारगेट दिया। बैठक में सभी 9 सीटों को जीतने के प्लान पर रणनीति तैयार की गयी। बैठक में जिन–जिन जिलों में चुनाव होने हैं, वहां के प्रभारी मंत्रियों, जिला अध्यक्ष, संगठन के पदाधिकारियों के साथ एक–एक बूथ को मजबूत करने पर मंथन किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी प्रभारी मंत्री संगठन के साथ सामंजस्य बनाकर अपने–अपने क्षेत्रों में मजबूती से कार्य करें। उपचुनाव को लेकर पार्टी अपने प्रत्याशियों के नामों को जल्द ही अंतिम रुप देने वाली है। वहीं पार्टी ने उपचुनाव में रालोद को एक सीट दी है। उधर समाजवादी पार्टी ने भी चुनावी तैयारियां तेज कर दी हैं। सपा प्रदेश अध्यक्ष ने संशोधित मतादाता सूची उपलब्ध कराने के लिए राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन दिया है। समाचार कक्ष से आकाशवाणी समाचार के लिए शैलेंद्र शर्मा।***

**********

मथुरा जिले के फरह क्षेत्र के परखम स्थित दीनदयाल गौ–विज्ञान अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय कार्यकारिणी मंडल की दस दिवसीय बैठक आज से शुरू होंगी। इस मौके पर संघ के सर संघ चालक डॉ. मोहन राव भागवत सहित करीब तीन हजार पदाधिकारी संघ के गणवेश में योग करेंगे। इसके बाद अन्य कार्यक्रमों के आयोजन किये जाएंगे। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सर संघ चालक डॉ. मोहन राव भागवत और सर कार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले बैठक में हिस्सा लेने के लिए कल शाम को ही मथुरा पहुंच गए।

**********

अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहला दीपोत्सव 28 से 30 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा। इससे पहले वहां सात दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित किये जा चुके हैं और उन्हें गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी दर्ज कराया गया है। अयोध्या के मंडलायुक्त गौरव दयाल ने बताया कि इस बार दीपोत्सव कार्यक्रम के दौरान प्रभु श्रीराम के जीवन पर आधारित 18 प्रसंगों की झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र बनेंगी।

**********

आज देश के विभिन्न हिस्सों में करवा चौथ का पर्व मनाया जा रहा है। इस दिन सुहागिन औरतें निर्जला व्रत रख कर पति की लंबी आयु की कामना करती हैं। व्रत के दौरान महिलाएं भगवान शिव और माता पार्वती का पूजन अर्चन करती हैं। चांद निकलने के बाद पारम्परिक तरीके से पूजा पाठ कर महिलाएं जलग्रहण करती हैं।

**********

पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान सहित छह आरोपियों पर गवाह को धमकाने के मामले में रामपुर की जिला अदालत में कल आरोप तय किए गए। अब 24 अक्टूबर को मामले की सुनवाई होगी।

**********